आकाशवाणी चंडीगढ़

22 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार-----

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा - क्वाड दीर्घकालिक साझेदार बने रहने और आपसी विकास के लिए हिन्द प्रशांत देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार। भारत वर्ष 2025 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

2. हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया की आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना से संबंधित सी-विजिल ऐप पर मिली 12011 शिकायतें, जिनमें से 11122 सही मिली

3. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी प्रत्याशिओं के लिए हरियाणा में कई जगह जन आशीर्वाद रैलीओ को सम्भोदित किया

4. हरियाणा में चुनाव प्रचार हुआ तेज़, सभी राजनैतिक पार्टिओं ने अपने उमीदवारो के लिए किया प्रचार ।

.....................................................................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि क्वाड समूह दीर्घकालिक साझेदार बने रहने और आपसी विकास के लिए हिन्द प्रशांत देशों के साथ सहयोग के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि क्वाड देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी और समृद्ध बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है। अमरीका के डेलावेयर में क्वाड शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि यह आयोजन

ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया तनाव और संघर्ष से जूझ रही है और यह ज़रूरी है कि क्वाड देश साझा लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए मानवता के लिए एकजुट होकर कार्य करें। श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि अगले वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन भारत में आयोजित होगा। इससे पहले, कल रात प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। श्री मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ ने क्वाड शिखर सम्मेलन के अवसर पर भेंट की। प्रधानमंत्री ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से भी मुलाकात की।

..........................................................

अमरीका ने भारत से चुराई गईं दौ सौ 97 कलाकृतियों को लौटाने का फैसला किया है। यह कलाकृतियां जल्द ही भारत भेजी जाएंगी। प्रधानमंत्री ने इन कलाकृतियों को लौटाने के लिए राष्ट्रपति बाइडेन का धन्यवाद किया। श्री मोदी ने कहा कि ये वस्तुएं केवल भारत की ऐतिहासिक संस्कृति का ही हिस्सा नहीं है बल्कि ये उसकी सभ्यता का आधार हैं।

.............................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि नागरिकों की सजगता का ही परिणाम है कि हरियाणा में 16 अगस्त से 22 सितम्बर, 2024 तक 12011 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनमें से 11122 सही मिली हैं। उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद में सबसे

अधिक 2873 फिर सिरसा से 2093 शिकायते मिली है वही मेवात से सबसे कम 13 शिकायते मिली है ।

कुल शिकायतों में से 11122 शिकायतों को रिटर्निंग अधिकारियों व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा सही पाया गया और इन पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस ऐप पर कोई भी व्यक्ति, राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना से संबंधित शिकायत दे सकता है।

..........................................................................

हरियाणा में आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नरवाना , सोनीपत के गांव जखोली ओर राई के बाद करनाल के असन्ध हल्के में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया, उन्होंने असन्ध से बीजेपी उम्मीदवार योगेंद्र राणा और नरवाना से भाजपा प्रत्याशी कृष्ण बेदी के पक्ष में वोटो की अपील की ।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्र नायकों का सम्मान कैसे होता है यह हरियाणा में देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि धर्म और जाति की राजनीति विकास में सबसे बड़ी बाधा है। इन बांधाओं से पार पाना होगा। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ काम कर रही हैं। काग्रेंस और अन्य दलों ने प्रदेश की जनता को जाति में उलझाएं रखा। उन्होंने कहा कि इन लोगो के एजेंडे में कोई भी वर्ग नही है। इनका एजेंडा 'बांटो, राज करो का है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने देश से लेकर प्रदेश में परिर्वतन लाने का कार्य किया। भाजपा ने असंभव को भी संभव बनाया जबकि

कांग्रेस हो या कोई अन्य दल सबने प्रदेश को भ्रष्टाचार और जतिवाद में डूबोया।

..................................................................

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल आज जगाधरी में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल लोगों को भ्रमित करने का काम कर रही है। कांग्रेस की हताशा का अनुमान इससे से लगाया जा सकता है कि वह अपने मुख्यमंत्री तक की घोषणा नहीं कर पा रही हैं। अपने कार्यकर्ताओं को जोड़े रखने के लिए सरकार के आने का प्रलोभन दिया जा रहा है लेकिन हरियाणा का इतिहास रहा है जिसकी सरकार केंद्र में होती है, प्रदेश में भी उसी की सरकार बनती है। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा के भाजपा में ज्वाइन करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह रणनीति है और रणनीति का खुलासा नहीं किया जाता।

उन्होंने कहा कि तीसरी बार भी हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

........................................................................

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज सिरसा के चौटाला गांव पहुंचे, जहां उन्होंने डबवाली से कांग्रेस उम्मीदवार अमित सिहाग के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित कर वोट की अपील की इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बना रही है।

उन्होंने भाजपा पर हमला बोला और कहा कि वे चुनाव में अपनी हार मान चुके है। कुमारी सैलजा पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वे पार्टी की सीनियर लीडर है, इसके साथ ही एक जिम्मेदार नेता भी है। अभय चौटाला के सीएम बनने के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में सबको अपनी बात कहने का हक है लेकिन हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

..............................................

जजपा नेता और डबवाली से प्रत्याशी दिग्विजय चौटाला ने आज एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में इस बार त्रिशंकु विधानसभा बनती दिख रही है। ऐसी स्थिति में वे हालात देखकर फैसला लेंगे। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया ि‍क वे किसी भी परिस्थिति में भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने पहले भी गलती कर दी है जिसका उन्हें मलाल है और जनता भी एक बार गलती माफ करती है। वहीं, कुमारी सैलजा पर विवादित टिप्पणी के मामले में उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हूडा और उनके लोगों की सोच ये दर्शाती है कि वे दलित विरोधी हैं। दिग्विजय चौटाला ने दावा किया कि जजपा की चाबी पहले से मजबूत हुई है और विधानसभा का ताला भी उसी से खुलेगा।

..................................................................

कांग्रेस नेता और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आज उचाना कलं‍ा से प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह के सर्मथन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दस साल के शासन में भाजपा सरकार ने कोई बड़ा काम नहीं किया। भाजपा ने लोगों से धोखा करने के लिए अपना मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक बदला लेकिन अपना अंहकार नहीं

छोड़ा। विकास और खुशहाली में अव्वल रहें हरियाणा को बेरोजगारी में नंबर एक बना दिया गया। आज का युवा पलायन के लिए मजबूर है क्योंकि उसे प्रदेश में अपना कोई भविष्य नजर नहीं आता। कांग्रेस की सरकार आने पर युवाओं को दो लाख नौकरियां दी जाएगी। लोगों के पास पांच साल बाद भाजपा के अन्यायपूर्ण शासन को बदलने का मौका आया है। अब जनता भाजपा का हिसाब करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश मे कांग्रेस की लहर चल रही है। छत्तीस बरादरी को जोड़कर हरियाणा का भविष्य तय करने का काम किया जाएगा।

.............................................................

भारत ने अमरीका के डेलावेयर में स्वच्छ अर्थव्यवस्था, निष्पक्ष अर्थव्यवस्था पर केंद्रित अपनी तरह के पहले समझौतों के साथ व्यापक हिंद प्रशांत आर्थिक रूपरेखा-आई.पी.ई.एफ पर हस्ताक्षर किये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में समृद्धि संबंधी हिंद प्रशांत आर्थिक रूपरेखा के अंतर्गत इन समझौतों का आदन-प्रदान किया गया। स्वच्छ अर्थव्यवस्था संबंधी समझौते का लक्ष्य तकनीकी सहयोग, कार्यबल विकास, क्षमता निर्माण और अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देना है। समझौते में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की सहायता पर विशेष बल देने के साथ-साथ निवेश और रियायती वित्त पोषण सहित परियोजना वित्त पोषण की व्यवस्था का प्रावधान है। निष्पक्ष अर्थव्यवस्था संबंधी समझौते का उद्देश्य हिंद प्रशांत क्षेत्र में अधिक पारदर्शी और अनुमानित व्यापार तथा निवेश वातावरण तैयार करना है।

.......................................................................